>

Title: Need to provide LPG dealership to Kerosene dealers in the country keeping in view the ongoing drive to make cities kerosene-free.

**श्री खिलाड़ी लाल बैरवा (करौली धौलपुर):** दिल्ली प्रदेश को केरोसीन मुक्त राज्य घोषित कर दिया गया है और अन्य राज्यों को भी अतिशीघ्र घोषित किए जाने की योजना है। केरोसीन पर सब्सिडी खत्म कर भारतवर्ष में इसकी जगह एल.पी.जी. को बढ़ावा देना है। भारतवर्ष में कितनी ही कंपनी के केरोसीन डीलर हैं उन्हें पुनः स्थापित करने की योजना के संबंध में माननीय मद्रास हाई कोर्ट के दिनांक 15.09.2011 के पैरा 12 में माननीय हाई कोर्ट ने आदेश दिए कि पी.डी.एस. केरोसीन की मात्रा के आधार पर केरोसीन डीलर को एल.पी.जी. डीलर में परिवर्तित किया जाए लेकिन बिना किसी पुनः स्थापन के डीलरों का काम छिन गया है और आज उन डीलरों पर रोजी-रोटी का संकट आ गया है। यह स्थिति केवल अभी दिल्ली राज्य क्षेत्र में ही है लेकिन थोड़े दिन बाद पूरे भारतवर्ष के केरोसीन के डीलरों पर आने वाली है।

इन डीलरों के बच्चों, परिवार के लिए रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। यह कंपनी के काफी लंबे समय से डीलर है। इन्हें बिना किसी शर्त के एल.पी.जी. डीलर में पुनः स्थापित किया जाए जिससे माननीय हाई कोर्ट के आदेशों का पालन हो सके।

वैसे भी कंपनी के डीलर कंपनी द्वारा किसी भी प्रोडेक्ट की बिक्री हेतु कंपनी अपने डीलर को काम दे सकती है। ऐसी स्थिति में केरोसीन डीलर को खत्म कर उसे एल.पी.जी. डीलर बनाया जाने में क्या दिक्कत है।

अतः केन्द्र सरकार से निवेदन है कि इस समस्या का समाधान कराते हुए माननीय हाई कोर्ट के आदेशों का पालन करायें।